<u>Youth Red Cross Day 08 May, 2023</u>

YRC in collaboration with NSS orgaised an Eye Check Up Camp in University Campus to celebrate World Red Cross Day on 08 May,2023 to make birth Anniversary of Sir Henry Durant . Dr.Vivek Agnihotri, of Riti Eye Care Hospital, Rewari checked the eyes of 124 persons including YRC Volunteers, teaching and non-teaching staff and students. Dr. Agnihotri delivered a lecture on "How to Care for your Eyes".

GPS Map Camera
Meerpur, Haryana, India
6MRV+67J, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.24049°
Long 76.693114°
08/05/23 11:56 AM GMT +05:30
Google

विश्व रैडक्रॉस दिवस पर लगाया शिविर, 124 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आयोजित शिविर में उपस्थित चिकित्सक व आयोजकगण। (वधवा)

रेवाड़ी, 8 मई (वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में यूथ रैड क्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रैड क्रॉस दिवस के अवसर पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 124 लोगों की आंखों की जांच की गई।

अध्यक्षता एन.एस.एस. समन्वयक डॉ. कर्ण सिंह द्वारा की गई। डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में मदद करने की मानवीय भावनाओं को जागृत करना है। विश्व रैडक्रॉस दिवस इसके संस्थापक सर जॉन हेनरी डुनेंट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

यूथ रैडक्रॉस समन्वयक डॉ. समृद्धि ने कुलपति प्रो. जे.पी. यादव एवं कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कुलपति एवं कुलसचिव के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में यूथ रैडक्रॉस लगातार विद्यार्थियों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित करवा रही है।

इस अवसर पर रीति आई केयर हॉस्पिटल, रेवाड़ी के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। वाई.आर.सी. एवं एन.एस.एस. विभाग द्वारा रीति आई केयर हॉस्पिटल, रेवाड़ी की टीम को समृति चिन्ह भेंट किए गए।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि हमें लंबे समय तक मोबाइल, लैपटॉप आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए एवं आंखों की देखभाल के लिए नियमित रूप से डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रीति आई केयर हॉस्पिटल द्वारा लगातार गांवों में फ्री आई चैकअप कैंप लगाए जाते हैं एवं मुफ्त में गरीब लोगों की आंखें बनाने का कार्य भी करते हैं।

एन.एस.एस. काऊंसलर सुशांत यादव ने बताया कि रैडक्रॉस एक इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो महामारी, प्राकृतिक आपदा, युद्ध और एमरजैंसी में बिना किसी भेदभाव के लोगों की हैल्प करती है।

इस अवसर पर डॉ. अदिति शर्मा, डॉ. विकास बत्रा, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. मुकेश यादव, डॉ. भारती, डॉ. जसविंद्र सिंह, डॉ. ऋतु, श्री पवन कुमार, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

GPS Map Camera
Meerpur, Haryana, India
6MRV+67J, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.24049°
Long 76.693114°
08/05/23 11:56 AM GMT +05:30
Google